हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 3 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

4 अब कारखानों की जांच में पहुंचेगे एसडीएम हर सप्ताह देनी होगी कलेक्टर को रिपोर्ट





## जनवरी 2023 से शुरु हुई थी टेंडर की प्रक्रिया, बीते नवंबर में हुआ है वर्क आर्डर

# टेंडर-टेंडर खेलते निकल गया तीन साल लटक गया खरसिया ओवर ब्रिज का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

टेंडर-टेंडर खेलते तीन साल गुजर चुका है, लेकिन खरसिया ओवर ब्रिज का काम चालू नहीं हो सका है। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया बीते जनवरी 2023 में शुरु हुई थी। दो बार निरस्त हुआ, तीसरी बार में ठेकेदार तो तय हो गया है, लेकिन उसे भी बीते नवंबर में ही वर्क आर्डर दिया गया है। इसके कारण अब तक काम चालू नहीं हों सका है। बोरिंग का काम लगभग पूरा हो चुका है। दिलचस्प बात यह है कि हर बार विधानसभा में यह सवाल उठता है और इसके बाद भूल जाते हैं। दूसरी ओर हर बार एक ही तरह की जानकारी दे दी जाती है।

**खास बात**
- हर बार विधानसभा में उठता है सवाल, इसी तरह की दे दी जाती है जानकारी



बीते अगस्त 2023 में तीसरी बार टेंडर कॉल किया गया था। इस दौरान न्यूनतम निविदाकार मेसर्स भारत स्पून एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी जयपुर को पारित किया गया। इसके बाद भी इस निर्माण कंपनी को दो साल 4 महीने तक वर्क आर्डर ही नहीं दिया गया। इसके कारण काम चालू ही नहीं हो सका। बीते 4 नवंबर 2025 को इस कंपनी को वर्क आर्डर दिया गया है। तब काम चालू किया गया, अभी बोरिंग का काम पूरा होने की जानकारी दी गई है। ड्राइंग डिजाइन का काम भी अभी तक चल ही रहा है। यह काम भी कब तक पूरा होगा यह किसी को पता नहीं है। खास बात यह है कि इस ओवर ब्रिज को लेकर राजनीति होने की बात कही जा रही है। पूर्ववर्ती सरकार के समय ही टेंडर की प्रक्रिया चालू हो गई थी, लेकिन अब तक काम आगे बढ़ नहीं सका।

**यहां होगा निर्माण**

खरसिया रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण हावड़ा-मुंबई रेलमार्ग के किमी 620/13-15 में लेबल क्रासिंग नं. 313 खरसिया यार्ड के पास रेलवे ओर ब्रिज और अंडर ब्रिज का निर्माण होगा। यहां हर 10 मिनट में फाटक बंद होने से वाहनों की लंबी लाइन लगी रहती है। खास बात यह है कि लाइन खत्म होने से पहले दोबारा बंद हो जाती है। इस परेशानी से निजात के लिए सालों से यहां ओवर ब्रिज की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक पूरा नहीं हो सका है। हालांकि टेंडर की प्रक्रिया 2023 से चल रही है।

**कब-कब कॉल किया गया टेंडर**

इस रेलवे ओवर ब्रिज के लिए तीन बार टेंडर किया गया है। पहली टेंडर 16 जनवरी 2023, फिर 16 जून 2023 और तीसरी बार 17 अगस्त 2023 को किया गया था। तीसरी बार जब अंडर किया गया तो न्यूनतम बोलीदार मेसर्स भारत स्पून पाइप एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी जयपुर को वर्क आर्डर जारी किया गया है। वर्क आर्डर भी चार महीने पहले 4 नवंबर 2025 को की गई है। याने टेंडर होनें के बाद भी करीब ढाई साल रोक दिया गया था।

## दुर्ग- रायगढ़- दुर्ग के बीज 4 फेरे के लिए चलेगी होली मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन

**रायगढ़।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में होली पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए 02,03,05 एवं 06 मार्च 2026 को गाड़ी संख्या 08834/08833 दुर्ग- रायगढ़- दुर्ग के बीच 4 फेरे के लिए होली मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन की सुविधा प्रदान की गई हैं। गाड़ी संख्या 08834 दुर्ग रायगढ़ मेमू पैसेंजर गाड़ी दुर्ग से 10:30 बजे रवाना होकर 10:36 बजे भिलाई नगर 10:43 बजे भिलाई पावर हाउस 10:50 बजे भिलाई 10:56 बजे देवबलोदा चरोदा, 11:09 बजे कुम्हारी, 11:17 बजे सरोना 11:24 बजे सरस्वती नगर, 11:35 बजे रायपुर 11:45 बजे डब्ल्यूआरएस, 11:52 बजे उरकुराए 12:00 मांडर 12:11 बजे सिलियारी, 12:21 बजे बैकुंठ 12:28 बजे तिल्दा नेवरा, 12:39 बजे हथबंद, 12:52 बजे भाटापारा, 13:05 बजे निपनिया, 13:15 बजे दगोरी, 13:23 बजे बिल्हा, 14:31 बजे चकरभाटा 14:37 बजे दाधापारा, 15:10 बजे बिलासपुर, 15:28 बजे गतौरा, 15:40 बजे जयरामनगर, 15:53 बजे अकलतरा, 16:10 बजे पहुंचेगी।

## खबर संक्षेप

### 235 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी जेल दाखिल



**रायगढ़।** आबकारी विभाग ने विशेष अभियान चलाते हुए बीते दो दिनों में कुल 15 प्रकरण दर्ज कर 235 लीटर महुआ शराब जब्त की गई है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 47 हजार है। कार्रवाई के दौरान पुरोहित भारद्वाज पिता तिहारू भारद्वाज के कब्जे से 5.04 लीटर, उमेश दास पिता सोन दास ग्राम केनसरा थाना पुसौर से 10 लीटर तथा जय भारती बंजारे पति मनोहर जयसवाल ग्राम एडुपुल देहजरी थाना खरसिया से 11 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। उक्त आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34,2 एवं 59 क के तहत प्रकरण कायम कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### सट्टा खाईवाल मुकेश अग्रवाल गिरफ्तार



**रायगढ़।** खरसिया पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित कर रहे सट्टा खाईवाल मुकेश अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। ग्राम छोटे मुड़पार में डभरा क्षेत्र का एक व्यक्ति मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खिला रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। इस दौरान संदेही मुकेश अग्रवाल भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे क्रिकेट मैच में मोबाइल फोन के माध्यम से सट्टा लगाने वालों से संपर्क कर दांव दर्ज करते पाया गया। पुलिस ने आरोपी मुकेश अग्रवाल पिता स्व. इन्द्र कुमार अग्रवाल 30 निवासी कानाकोट थाना डभरा जिला सक्ती को मौके पर गिरफ्तार किया। पासवर्ड के माध्यम से क्रिकेट सट्टा का अंक और रकम दर्ज पाया गया।

### श्रीनिवास हत्या मामले में उम्रकैद की सजा बरकरार

**झारसुगुड़ा।** 33 वर्ष पुराने एक हत्या मामले में सुनवाई करते हुए ओडिशा उच्च न्यायालय ने अभियुक्त की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा है। झारसुगुड़ा के श्रीनिवास यादव की गोली मारकर हत्या करने के मामले में निचली अदालत द्वारा सुनाई गई सजा के खिलाफ दायर अपील को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। इस मामले में अभियुक्त रामबाबू साहू और भूषण साहू मृत शामिल थे। यह घटना 6 अगस्त 1992 की रात करीब 9 बजे झारसुगुड़ा के स्टेशन स्क्वायर के पास हुई थी। सूचना देने वाले सिंहासन यादव दूध देकर लौट रहे थे तभी अभियुक्तों ने उन पर और श्रीनिवास यादव पर हमला कर दिया। आरोप है कि रामबाबू साहू के निर्देश पर भूषण साहू और अन्य लोगों ने सिंहासन यादव पर भुजाली से हमला किया और श्रीनिवास यादव को गोली मार दी। बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान श्रीनिवास की मृत्यु हो गई।

### विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक माडल से सीखा तकनीकी प्रयोग

**राहौद ।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला भवतरा में विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों एवं प्रोजेक्ट्स, विभिन्न प्रकार स्टालों में प्रयोग के माध्यम से अपनी प्रतिभा, नवाचार क्षमता और वैज्ञानिक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विज्ञान मेला में बच्चों ने सूक्ष्मदर्शी की सहायता से स्लाइड का अवलोकन किया । अम्ल एवं क्षार से जुड़े प्रयोग प्रस्तुत किए। इसके साथ ही सुचालक एवं कुचालक पदार्थों की पहचान, पदार्थों का वर्गीकरण, पृथक्करण की विभिन्न विधियों का प्रदर्शन, चुम्बकीय एवं अचुम्बकीय पदार्थों की पहचान, तापमापी का प्रयोग, पदार्थों के प्रकृति एवं अवस्था की पहचान, विभिन्न अंधविश्वास /मिथक की वैज्ञानिक सत्यता तथा विभिन्न वैज्ञानिक उपकरणों का अवलोकन कराया गया।

## ऑनलाइन गेमिंग ने बना दिया चोर, सूने घर से उड़ा दिया सोने-चांदी के गहने और नकदी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भूपदेवपुर पुलिस ने ग्राम जबलपुर में मकान में हुई चोरी के आरोपी को पकड़ लिया है। आरोपी के कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात और नगदी बरामद कर लिया है। उदयराम पटैल पिता स्व. आशाराम पटैल 51 जबलपुर ने 28 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराया था। वह मशरूम उत्पादन का कार्य करता है और 26 फरवरी को अपने घर में ताला लगाकर परिवार सहित बिलासपुर गया हुआ था।

28 फरवरी की रात करीब 1 बजे घर लौटे तो घर का पिछला दरवाजा खुला हुआ था। कमरे का ताला टूटा हुआ था। अंदर अलमारी का लॉक टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखे सोने का हार, सोने का झूमका सेट, चांदी का पायलए चांदी की अंगूठियां, चांदी की मूर्ति तथा नगदी रकम 1 लाख 50 हजार चोरी हो गया था। अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305,ए 331,4 कायम कर विवेचना में लिया गया। सूचना और साक्ष्यों के आधार पर संदेही जितेन्द्र कुमार डनसेना पिता डोलनारायण डनसेना उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम जबलपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने बताया कि वह ऑनलाइन गेमिंग में काफी पैसे



हार गया था, जिसके कारण पैसों की आवश्यकता होने पर उसने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी के कब्जे से सोने का हार एवं झूमका कीमती 3 लाख 50 हजार चांदी का पायल, अंगूठी एवं सिक्का कीमती 31 हजार, नगदी 1,030 रुपए बरामद किया गया। आरोपी जितेन्द्र कुमार डनसेना को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## कोर्ट का आदेश लेकर तमनार पंचायत प्रतिनिधि पहुंचे कलेक्टर दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार नगर पंचायत के गठित समिति को लेकर जारी आदेश पर हाई कोर्ट ने स्टे लगा दिया है। कोर्ट का आदेश लेकर सोमवार को तमनार के पंचायत प्रतिनिधि कलेक्टर दरबार पहुंचे। कलेक्टर को कोर्ट की कॉपी सौंपी। कोर्ट ने नगर पंचायत चुनाव के पहले ग्राम पंचायत का संचालन की जिम्मेदारी पंचायत प्रतिनिधियों को ही दी गई है। बीते 16 फरवरी को नगरीय प्रशासन विभाग ने नगर पंचायत संचालन के लिए सात सदस्यीय समिति का गठन कर दिया था। इसके खिलाफ तमनार के चुने हुए पंचायत प्रतिनिधियों ने हाई कोर्ट में याचिका



**बीते 25 फरवरी को कोर्ट ने नगरपंचायत के गठित समिति पर लगा दिया है स्टे**

दायर किया था। इसके बाद इसकी सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने बीते 25 फरवरी को इस आदेश पर रोक लगा दी है। अनुसूचित क्षेत्र होने के कारण जब तक नगर पंचायत का चुनाव नहीं होता तब तक ग्राम पंचायत को ही संचालन की जिम्मेदारी रहेगी। इसकी कॉपी सोमवार को तमनार के पंचायत प्रतिनिधियों ने केलक्टर को सौंप कर आगे की कार्रवाई की मांग की है।

**सात सदस्यों की नियुक्ति**

नगरीय प्रशासन विभाग ने नगर पंचायत संचालन के लिए सात सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया था। इसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पांच सदस्य शामिल हैं। खास बात यह है कि इसमें से कुछ लोग तो चुने हुए जनप्रतिनिधि हैं, लेकिन कुछ लोगों को बिना जीते ही कमेटी में शामिल कर दिया गया था। तमनार के जीते हुए सरपंच को इसमें दरकिनार कर दिया गया था।

## कार के गेट और बैक लाइट में चुनवा लिया 29 केजी गांजा, ओड़िशा से लेकर आ रहे दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बॉलीवुड की फिल्में भी कभी-कभी तस्करों को इंस्पायर करती है। ऐसे ही गांजा तस्करी का एक मामला सामने आया है जिसे फिल्म पुष्पा की तर्ज पर किया जा रहा था। हालांकि पुलिस के लंबे हाथ ने इन तस्करों की फिल्म हीट होने से पहले ही फ्लॉप कर दी। दरअसल लैलूंगा पुलिस ने ओड़िशा से तस्करी कर ला रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से करीब 29 किलो गांजा समेत कार और मोबाइल जब्त कर लिया है। एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया है। उसकी तलाश की जा रही है। आरोपियों ने फिल्म पुष्पा की तर्ज पर कार के दरवाजों और बैक लाइट में विशेष चेंबर बनाकर गांजा छुपाया था। तस्करों से 17.65 लाख रुपए की




संपत्ति जब्त की गई है। फरार सप्लायर एवं सरगना के विरुद्ध नामजद अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को जानकारी मिली थी कि पत्थलगांव क्षेत्र का एक व्यक्ति ओड़िशा से गांजा लेकर आ रहा है। उसे रायगढ़ होते हुए अन्य राज्यों में सप्लाई करता है। 1 मार्च को दो व्यक्ति कार क्रमांक सीजी.13 यूएच 9683 से ओड़िशा से गांजा लेकर पाकरगांव लैलूंगा की ओर आ रहे थे। पुलिस टीम द्वारा पाकरगांव अटल चौक के पास घेराबंदी की गई। संदिग्ध कार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी पुलिस को देखकर कच्चे रास्ते से भागने लगे। पुलिस घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया। कार के दरवाजों और बैक लाइट के अंदर बनाए गए गुप्त चेंबर से गांजा बरामद हुआ। आरोपी श्रवण कुमार निषाद के कब्जे से करीब 19.033 केजी और आरोपी महेन्द्र प्रसाद चौहान के कब्जे से करीब 10.082 केजी गांजा बरामद किया गया। आरोपियों ने बताया कि रामकुमार कुजूर निवासी महेशपुर थाना पत्थलगांव द्वारा उन्हें ओड़िशा से गांजा लाने के लिए प्रति 10 किलो गांजा पर 10 हजार रुपए देने का लालच दिया था। दोनों आरोपी उड़ीसा जाकर गांजा लाए और उसे कार में छुपाकर रामकुमार कुजूर तक पहुंचाने जा रहे थे। लैलूंगा पुलिस ने आरोपी श्रवण कुमार निषाद, महेन्द्र प्रसाद चौहान और फरार आरोपी रामकुमार कुजूर के खिलाफ धारा 20, ठ 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, जबकि फरार आरोपी रामकुमार कुजूर की तलाश जारी है।

## लैलूंगा की दीदियों ने तैयार किया हर्बल गुलाल, 4 क्विंटल हो चुकी है बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में इस बार होली का रंग कुछ खास है। रासायनिक रंगों की जगह प्राकृतिक और हर्बल गुलाल ने बाजार में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। लैलूंगा क्षेत्र की स्व.सहायता समूहों की महिलाएं, जिन्होंने जैविक और सुरक्षित गुलाल तैयार कर आर्थिक सशक्तिकरण की नई मिसाल पेश की है। कलेक्टोरेट में लगाए गए स्टॉल पर अधिकारियों, कर्मचारियों और बाहर से आए ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक हर्बल गुलाल की खरीदी की। प्राकृतिक रंगों की गुणवत्ता और सुरक्षा को देखते हुए लोगों में विशेष आकर्षण देखा गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित दिव्या स्व.सहायता समूह सलखिया एवं संतोषी स्व.सहायता समूह रूडूकेला की महिलाओं ने मिलकर पूरी तरह प्राकृतिक तत्वों से हर्बल गुलाल तैयार किया है। हल्दी, चुकंदर, लालभाजी, पालक भाजी, परसा फूल, संतरे के छिलके, लेमनग्रास तथा अन्य रंग.बिरंगे फूलों से तैयार यह गुलाल पूरी तरह रासायनिक मुक्त है और त्वचा के लिए सुरक्षित है। महिलाओं ने लगभग एक माह पूर्व इस सीजनेबल व्यवसाय की शुरुआत की। त्योहारी मांग को ध्यान में रखते हुए 5 क्विंटल हर्बल गुलाल का उत्पादन किया गया जिसमें से अब तक 4 क्विंटल की बिक्री हो चुकी है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने स्टॉल का अवलोकन कर महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। स्व.सहायता समूहों को विभिन्न आयमूलक गतिविधियों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इस प्रकार के नवाचार न केवल महिलाओं की आय बढ़ाते हैं, बल्कि समाज को सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल विकल्प भी प्रदान करते हैं। समूह की सदस्यों मीना कुमारी पैकरा, राम कुमारी पैकरा एवं आरती पटेल ने बताया कि जैविक गुलाल निर्माण के लिए उन्हें विशेष प्रशिक्षण मिला है तथा जिला प्रशासन का निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है।

**खास बात**
- कलेक्टोरेट में हुई जमकर खरीदी, रासायनिक मुक्त रंगों से सुरक्षित होली का संदेश

### शहर के सबसे पुरानी बुजी चौक में 100 साल से अधिक समय से जल रही होलिका, अब हर चौक-चौराहों में होता है दहन

# होलिका पूजन के बाद देर रात हुआ दहन, कल उड़ेगा रंग-गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

होली को लेकर असमंजस की स्थिति निर्मित हो गई है। हर बार होलिका दहन के बाद दूसरे दिन रंग खेलते हैं, लेकिन इस बार एक दिन बाद खेलेंगे। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि इस बार भद्रा, सूतक और ग्रहण अलग-अलग समय में पड़ रहा है। इस वजह से सोमवार- मंगलवार की रात 1 बजे होलिका दहन तो होगी, लेकिन रंग बुधवार को खेली जाएगी। दूसरी ओर सोमवार को होलिका पूजन के लिए सुबह से ही गहमा-गहमी और भीड़-भाड़ का माहौल बन गया था। सबसे प्राचीन होलिका बुजी भवन चौक में सुबह 8 बजे से ही पूजा शुरु हो गई थी। यहां 100 साल



से अधिक समय से होलिका दहन हो रही है। हालांकि धीरे-धीरे बदलाव आया और अब तो हर चौक-चौराहों में होलिका बनती है। शहर की बात करें तो कोतरा रोड से लेकर जूटमिल तक डेढ़ सौ से अधिक होलिका दहन होती है। बीत सप्ताह भर से शहर में होली का माहौल बन गया है। यहां के चौक-चौराहों में होलिका बनाई गई है। वहीं नटवर स्कूल से लेकर अलग- अलग जगहों पर रंग – गुलाल की दुकानें सजी हुई है। इस बार हर्बल की मांग ज्यादा है। मुखौटा को लेकर इस बार भी प्रतिबंध लगाया गया है। हर चौक-चौराहों पर पुलिस टीम की तैनाती कर दी गई है। पुलिस की बाइक पेट्रोलिंग भी चल रही है। बीते दो तीन दिनों से पुलिस शहर में मार्च कर शांति का संदेश दे रही है। होलिका दहन में गोबर के उपले, गेहूं की बाली, चने और अन्य सामग्री के साथ पूजन की गई।



**पहली चंद्रग्रहण**

माना जा रहा है कि यसल 2026 का यह पहला चंद्र ग्रहण है। 3 मार्च को चंद्र ग्रहण है। सुबह से ही सूतक लगने की बात कही जा रही है। 3 मार्च को दोपहर 3.20 से ग्रहण शुरु होगा। शाम 6.46 तक रहेगा। ग्रहण का सूतक काल 3 मार्च को 6.20 को प्रारंभ होगा। इस दिन मंदिरों के पट भी बंद रहेंगे। श्रीअष्ट महालक्ष्मी मंदिर के संस्थापक ज्योतिषाचार्य पंडित रविभूषण शास्त्री ने बताया कि चंद्र ग्रहण से 9 घंटे सूतक काल के दौरान मंदिरों का पट बंद रहेगा। उन्होंने बताया कि चंद्र ग्रहण बंगाल के उत्तराखंड, नागालैंड, मिजोरम, मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश में नजर आएगा।



# जय हिंद जय सिंध में महेश आएंगे नजर, रंगमंच पर भी करेंगे वापसी

**मुंबई।** महेश मांजरेकर ने हिंदी फिल्मों में बतौर निर्देशक और अभिनेता अलग छाप छोड़ी है। जल्द ही उनका एक नया हिंदी नाटक 'एनिमल' दर्शकों को देखने को मिलेगा। वह काफी वक्त के बाद रंगमंच पर वापसी कर रहे हैं। इसके अलावा वह एक फिल्म 'जय हिंद जय सिंध' का भी हिस्सा हैं। बड़े पर्दे पर अभिनय और निर्देशन करने के अलावा महेश मांजरेकर की रंगमंच की दुनिया में भी सक्रिय रहे हैं। एक बार फिर से वह थिएटर निर्माता अश्विन गिडवानी के साथ काम कर रहे हैं। इस बार एक हिंदी नाटक 'एनिमल' के साथ महेश रंगमंच पर वापसी कर रहे हैं। कई साल बाद दोनों साथ काम कर रहे हैं, इससे पहले दोनों नए नाटक 'डबल डील'किया था।

लाइफ Style



# आलिया

## ताना मारने वालों को दिया करारा जवाब

आलिया भट्ट ने हाल ही बाफ्टा में एक इंटरव्यू दिया था, जिसमें उनके एक्सप्रेशंस का खूब मजाक उड़ाया गया और आलोचना भी हुई। इस पर आलिया ने अब रिएक्ट किया है और एक्सप्रेशंस का मजाक उड़ाने वालों को जवाब दिया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

आलिया भट्ट हाल ही लंदन में आयोजित 79वें ब्रिटिश अकेडमी फिल्म अवाड्र्स में बतौर प्रेजेंटर शामिल हुई थीं। वहां आलिया ने हिंदी में स्पीच देकर सबका दिल जीत लिया था, लेकिन रेड कार्पेट पर एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने जो एक्सप्रेशंस दिए, उनके कारण एक्ट्रेस की भद भी पिटी। आलिया का खूब मजाक उड़ा। हाल ही आलिया जब मिलन फैशन वीक के एक इवेंट में शामिल हुईं और यहां बाफ्टा में हुई उस गड़बड़ के बारे में रिएक्ट किया, जिस पर लोगों ने उनका मजाक उड़ाया और ताने मारे। इस बारे में पूछे जाने आलिया भट्ट ने 'गुच्ची शो' के दौरान डाइट साब्या को जवाब दिया और समझाया कि पूरी सिचुएशन क्या थी। वह बोलीं, 'इस बारे में इतनी चर्चा क्यों हो रही है? क्या यह मेरे हावभाव की वजह से है? तो असल हुआ ये था कि मेरे हिसाब से यह ('गॉन गर्ल') सबसे बेहतरीन ट्विस्ट है, लेकिन मैंने इस फिल्म को नहीं देखा है। ये कब रिलीज हुई थी? 10 साल पहले? तो मैंने इसे उसके बाद नहीं देखा। तो जब वह उस मोनोलॉग की बात कर रही थीं, तो मैंने कहा कि हां, और मैं अपने दिमाग में दोहरा रही थी कि अरे हां, वो मोनोलॉग, बिल्कुल सही बिल्कुल सही।'

हॉलीवुड मसाला



# दोस्त के साथ मिलकर बनाए गाने

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर सिंगर और गीतकार नील सेडाका का निधन हो गया है। वह 86 साल के थे। उनके शानदार गानों ने उन्हें रॉक एन रोल के शुरुआती वर्षों में उन्हें टॉप पर पहुंचा दिया। अपने गानों की वजह से वह 1970 के दशक में काफी मशहूर हुए। ब्रिल बिल्डिंग सॉन्गराइटिंग फैक्ट्री के सदस्य, सेडाका ने लिरिसिस्ट हॉवर्ड ग्रीनफील्ड के साथ मिलकर ऐसे गाने बनाए जो 1950 के दशक के आखिर से 1960 के दशक की शुरुआत तक काफी मशहूर हुए।



# ईरान के लोगों के लिए बयां किया था दर्द...

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट इस वक्त जंग बिगुल बजा हुआ है, अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमला बोला है। इस जंग में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की भी मौत हो चुकी है। इसी बीच हाल ही में ईरान की रहने वाली एक्ट्रेस एलनाज नौरोजी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने ईरान के लोगों पर किए गए जुल्मों पर अपना दर्द बयां किया था। एलनाज नोरौजी ने भारत का जिक्र करते हुए कहा था कि ईरान उतना ही डाइवर्स था, जितना भारत है। मगर एक रात सब बदल गया। एलनाज ने वीडियो में कहा था, आज कल्पना करें भारत। इतना डाइवर्स, इतना जिंदादिल, अलग-अलग धर्म, अलग-अलग भाषाएँ, अलग-अलग तरह के जीवन, सब एक साथ रहते हैं- हिंदू, ईसाई, मुस्लिम, सिख, जैन, पारसी।



# वेब सीरीज हेल्लो बच्चों का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** विनीत कुमार सिंह स्टारर आगामी वेब सीरीज 'हेल्लो बच्चों'का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह शो शिक्षक अलख पांडे और उनकी टीचिंग से प्रभावित छात्रों से प्रेरित है। यह शो अलग-अलग पृष्ठभूमियों के उन छात्रों की कहानी बताता है, जो अपने सपनों को एक ऐसे शिक्षक के समर्थन से पूरा करते हैं जो उन पर विश्वास करता है। 2 मिनट 21 सेकंड के इस ट्रेलर में दिखाया जाता है कि कैसे एक छोटे से क्लास रूम से शुरू हुआ यह सफर धीरे-धीरे शहरों और छोटे कस्बों के छात्रों तक पहुंचा। सीरीज में पांच छात्रों की कहानी दिखाई गई है। जो व्यक्तिगत और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। एक छात्र आर्थिक तंगी से जूझ रहा है, दूसरा ऐसे दबाव का सामना कर रहा है जिससे उसकी पढ़ाई रुक सकती है, जबकि तीसरा अपने परिवार का सहारा बनने के लिए क्रिकेट में अपने इंटरेस्ट को छोड़ देता है।



# शुभांगी को मिला उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार

**मुंबई।** अनुपम खेर द्वारा निर्देशित और निर्मित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की मुख्य अभिनेत्री शुभांगी दत्त को इस फिल्म में बेहतरीन परफॉर्मेंस के लिए 'उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। इसी खुशी में इस फिल्म के निर्माता और निर्देशक अनुपम खेर ने शुभांगी के लिए एक खास पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर अपना प्यार जताया है और साथ ही अभिनेत्री की प्रशंसा की है। अनुपम खेर ने अपनी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की मुख्य अभिनेत्री शुभांगी दत्त के साथ कुछ खास तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ अनुपम ने शुभांगी को अपनी निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के लिए अवॉर्ड मिलने पर खुशी जताते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। अनुपम ने इन तस्वीरो के साथ लिखा, 'प्यारी शुभांगी, बहुत बढ़िया काम के लिए पुरस्कार।'

टीवी मसाला



# अदिति की टीवी में एंट्री 'ये है मोहब्बतें' से स्टारडम

**नई दिल्ली।** साल 2004 में अदिति भाटिया ने टीवी की दुनिया में कदम रखे। उनका पहला टीवी शो 'होम स्वीट होम' था। इसके बाद वह 'घर की लक्ष्मी बेटियां', 'तुझ संग प्रीत लगाई सजना' और 'टशन-ए-इश्क' में दिखीं, लेकिन छोटे पर्दे पर पॉपुलैरिटी 'ये है मोहब्बतें' से मिलीं। बहुत से फैंस अदिति भाटिया को आज भी रूही भल्ला के किरदार से याद करते हैं। अदिति भाटिया ने कुछ रियलिटी शोज भी किए, जिनमें 'खतरा खतरा खतरा', 'कॉमेडी सर्कस' और 'कॉमेडी नाइट्स बजाओ ताजा' जैसे नाम शामिल हैं। अदिति भाटिया ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्हें पहला विज्ञापन 5 महीने की उम्र में मिला था। तब वह पैरेंट्स के साथ एक मॉल में थीं। वहां एक डायरेक्टर ने बेबी अदिति को देखा और पैरेंट्स को उनका पोर्टफोलियो बनवाने की सलाह दी। अदिति ने बताया था कि उनका पूरा बचपन सेट पर बीता। स्कूल खत्म होने के बाद वह सेट पर पहुंच जातीं और वहीं खेलती थीं। अदिति भाटिया ने बताया था कि उनकी मॉम चाहती थीं कि वह इंजीनियर बनें, पर बचपन से ही उन्हें हीरोइन बनने का शौक था। लेकिन परिवार खिलाफ था, तो उन्हें एक्टिंग में आने के लिए थोड़ा विद्रोह करना पड़ा। अदिति भाटिया को फिर 'ये है मोहब्बतें' सीरियल मिला और वह छा गईं। 'द केरल स्टोरी 2' के कलेक्शन की बात करें, तो शुकवार, 27 फरवरी को देर रात रिलीज होने के बाद इसने अभी तक दो दिनों में 5.4 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है, जबकि इसे सीमित शोज पर ही रिलीज किया गया है। ओपनिंग डे की तुलना में 'द केरल स्टोरी 2' ने दूसरे दिन 520% ज्यादा कमाई की।

## ममता लाफ्टर शेफ्स 3 के सेट पर

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' दर्शकों का पसंदीदा शो है। इसके पिछले दो सीजन को इतना प्यार मिला कि मेकर्स पुराने कंटेस्टेंट्स के साथ



इसे सीजन दर सीजन आगे बढ़ा रहे हैं। बीते एपिसोड में जहां दिग्गज शेफ संजीव कपूर आए थे। वहीं 28 फरवरी और 1 मार्च के एपिसोड में सभी होली के रंग में रंगे दिखाई देंगे। हालांकि, नए एपिसोड की शूटिंग भी हुई, जहां पर हर कोई रेट्रो लुक में दिखाई दिया। कोई 'वास्तव' वाला संजय दत्त बना तो कोई 'करण-अर्जुन।' वहीं, माथे पर त्रिपुंड तिलक लगाए और लाला साड़ी के साथ सोने के गहने पहने ममता कुलकर्णी भी पहुंची। उन्होंने बातचीत में कहा, 'मैं बहुत एक्साइटेड हूं। मैं 25 साल बाद टीवी पर आ रही हूं। यहां तक की अगर आपने नोटिस किया हो तो मैं अपनी लाइफ के 25 सालों में कभी भी टीवी पर नहीं आई। एक अच्छा मौका है। हंसने का मौका मिलता है। हम लोग बहुत गंभीर हो गए हैं। जिंदगी बहुत गंभीर हो गई है।

# विजय-रश्मिका का प्यार होगा गहरा सामंथा-राज पर चढ़ेगा इश्क का खुमार

*नई दिल्ली। होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं है, प्यार का रंग भी इस उत्सव के साथ गहरा हो जाता है। खासकर शादी के बाद जब कपल्स पहली होली मनाते हैं तो उनके लिए यह दिन यादगार बन जाता है। इस साल कई सेलिब्रिटी कपल्स भी शादी के बाद पहली होली मनाएंगे। कुछ इसी गाने की तर्ज पर हाथों में अबीर और गुलाल लिए अपनी सजनी को साजन रंग लाएंगे। सजनी भी 'मुझे रंग दो' की धुन पर थिरकती दिख जाएंगी। कुछ ऐसा ही नजारा बॉलीवुड से लेकर साउथ सेलिब्रिटीज के घर-आंगन में होली के दिन देखने को मिल सकता है। इस साल रश्मिका और विजय देवरकोंडा से लेकर नूपुर सेनन और स्टेबिन बेन तक शादी के बाद अपनी पहली होली साथ मनाएंगे। इस लिस्ट में कई और जोड़े भी शामिल हैं, जानिए किन-किन सेलिब्रिटीज कपल्स पर चढ़ेगा होली का रंग।*



***श्रीवल्ली बन रश्मिका लगाएंगी विजय पर रंग*** : 26 फरवरी को विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना शादी के बंधन में बंध गए। इस कपल्स की शादी की तस्वीरों पर फैंस ने खूब प्यार लुटाया। शादी-शुदा जोड़े के तौर पर पर रश्मिका और विजय अपनी पहली होली भी मनाएंगे। दोनों की होली की तस्वीरों का फैंस को बेसब्री से इंतजार है।

***सामंथा के बलम 'राज'चलाएंगे पिचकारी*** : साउथ फिल्मों की चर्चित एक्ट्रेस सामंथा रूथ और डायरेक्टर राज निदिमोरु ने भी पिछले साल दिसंबर में शादी की। यह बतौर कपल उनकी पहली होली होगी। रश्मिका की जिंदगी में राज ढेर सारी खुशियां लेकर आए हैं तो होली भी उनके लिए खास होगी। सामंथा पर भी राज के प्यार का रंग इस होली खूब चढ़ने वाला है।

**स्टेबिन बेन की 'साहिबा'बनकर नूपुर झूमेंगी** : जनवरी महीने में कृति सेनन की बहन और एक्ट्रेस नूपुर सेनन ने सिंगर स्टेबिन बेन संग साथ फेर लिए हैं। इस कपल की शादी भी खूब चर्चा में रही। 'साहिबा' जैसे हिट सॉन्ग गाने वाले सिंगर स्टेबिन बेन नूपुर सेनन के साथ शादी के बाद पहली होली खलेंगे। कृति सेनन भी इनके होली जश्न में शामिल हो सकती हैं।

# मुगल-ए-आजम को हिट करने में पांच राज्यों की लगी मेहनत...

**नई दिल्ली।** के. आसिफ की डायरेक्टेड और प्रोड्यूस्ड फिल्म 'मुगल-ए-आजम' के बनने की प्रक्रिया रिलीज से 16 साल पहले यानी 1944 में ही शुरू हुई थी। लेकिन सिनेमाघरों में इसे 1960 में उतारा गया था। करीब 1.5 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 10 करोड़ रुपये से ज्यादा का बिजनेस किया था और सुपरहिट रही थी। पहले ये ब्लैक एंड व्हाइट रिलीज हुई थी लेकिन दोबारा रिलीड करने के लिए इसे कलर किया गया था और ऐसा करने वाली ये वर्ल्ड सिनेमा के इतिहास की पहली फीचर फिल्म बन गई थी। एडवांस **बुकिंग** के **लिए** लोग **शनिवार** से **ही** लाइन **में** लग **गए** थे, **जबकि** फिल्म **सोमवार** को **देखनी** थी। **लोग** लड़क **पर** सोते थे। और परिवार के दूसरे लोग उनके लिए खाना लेकर आते थे।

## 'मुगल-ए-आजम' में 5 राज्यों के कारीगरों की मेहनत

फिल्म में किरदारों के जो कपड़े थे, वो मामूली नहीं थे। बल्कि उसे सिलने के लिए दिल्ली से दर्जी आए थे। और सूरत से उन पर कढ़ाई करने वाले स्पेशलिस्ट बुलाए गए थे। इतना ही नहीं, जो सभी ने आभूषण पहने थे, वो भी हैदराबाद के सुनार ने और मुकुट कोल्हापुर के कारीगरों ने तैयार किए



थे। साथ ही जो भी हथियार आपने फिल्म में देखे हैं, वो सब राजस्थान के लोहारों ने बनाए थे और आगरा से सभी के जूते मंगवाए गए थे।

## 10 लाख में शूट हुआ 'प्यार किया तो डरना क्या'

इस फिल्म के गाने भी मशहूर हुए थे। 'प्यार किया तो डरना क्या' बहुत पसंद किया गया था। यहां तक कि आज भी ये बजता है तो लोगों के पांव थिरकने लगते हैं। मगर क्या आप जानते हैं कि इसकी शूटिंग में ही 10 लाख रुपये का खर्च आया था और इसे गीतकार शकील बदायुनी ने एक-दो बार नहीं, बल्कि पूरे 105 बार लिखा था। क्योंकि उसमें बार-बार बदलाव किए जा रहे थे। फिर अंत में म्यूजिक डायरेक्टर नौशाद ने हरी झंडी दिखाई थी। और मोहन स्टूडियो में लाहौर किले के शीश महल की रेप्लिका के रूप में बने एक सेट पर फिल्माया गया था। जिसे फिरोजाबाद के कारीगरों ने तैयार किया था और इसे बनने में दो साल लगे थे और इसकी लागत 15 लाख रुपये आई थी। वहीं, गाने की रिकॉर्डिंग लता मंगेशकर ने स्टूडियो के बाथरूम में की थी।

## कुछ गाने 'बुरा ना मानो होली है' की शरारती भावना को करते हैं उजागर

# होली के उत्सव को रंगीन बनाते हैं बॉलीवुड के ये गाने

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के होली गीतों की खासियत यह है कि उनमें से कई हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत पर आधारित हैं , जिनमें पारंपरिक लोक धुनें पिरोई गई हैं और जिनके बोल त्योहार के चंचल, शरारती और आनंदमय सार को दर्शाते हैं। कुछ गीत रोमांस का जश्न मनाते हैं, तो कुछ 'बुरा ना मानो होली है' की शरारती भावना को उजागर करते हैं।*

### रंग बरसे-सिलसिला (1981)

अगर होली का कोई ऐसा गीत है जो समय की कसौटी पर खरा उतरा है, तो वह है 'रंग बरसे'। यह गीत परंपरा से ओतप्रोत है, जिसकी जड़ें ब्रज लोक धुन में हैं जो होली की चंचल भावना को बखूबी दर्शाती है। अमिताभ बच्चन की गहरी, मदहोश कर देने वाली आवाज और उनके पिता, कवि हरिवंश राय बच्चन द्वारा लिखे गए चंचल बोल मिलकर एक ऐसा गीत बनाते हैं जो चंचल और उत्सवपूर्ण दोनों है। भारतीय रागों में प्रशिक्षित शास्त्रीय संगीतकार शिव-हरि द्वारा रचित यह गीत एक कालातीत आकर्षण प्रदान करता है। यह होली का सर्वोत्कृष्ट गीत है- चाहे आप रंगों में सराबोर हों या ठंडाई पी रहे हों, यह गीत किसी भी होली पार्टी में कम से कम एक बार जरूर बजेगा!

### बलम पिचकारी-ये जवानी है दीवानी (2013)

'बलम पिचकारी' एक ऐसा गीत है जिसने बॉलीवुड के होली संगीत को आधुनिक रूप दिया है। यह गीत लोक संगीत से प्रेरित धुनों के साथ युवा ऊर्जा का बेहतरीन मिश्रण प्रस्तुत करता है। पारंपरिक होली गीतों के विपरीत, इसमें इलेक्ट्रॉनिक डांस बीट के साथ देसी धुनों का भी समावेश है, जिससे यह युवाओं के बीच तुरंत लोकप्रिय हो गया। फिल्म में इस गाने का स्थान बहुत महत्वपूर्ण है- यह एक ऐसा मोड़ है जहाँ दोस्ती प्यार में बदल जाती है। इसका मनमोहक मुखड़ा और चुलबुले बोल इसे कॉलेज की होली पार्टियों में बेहद लोकप्रिय बनाते हैं, जिससे इसे आधुनिकता का स्पर्श मिलता है और साथ ही त्योहार का पारंपरिक आकर्षण भी बरकरार रहता है।




### होली के दिन-शोले (1975)

आर.डी. बर्मन भारतीय लोक संगीत को सिनेमाई भव्यता के साथ जोड़ने में माहिर थे, और होली के दिन इसका एक बेहतरीन उदाहरण है। यह गीत ढोल की थाप से शुरू होता है और देखते ही देखते एक ऊर्जावान लोक नृत्य में बदल जाता है। इस गीत की खासियत यह है कि इसमें एकजुटता पर जोर दिया गया है—यह रोमांस या व्यक्तिगत उत्सवों के बारे में नहीं है, बल्कि होली की सामुदायिक भावना के बारे में है। शोले के दृश्य इसे और भी सशक्त बनाते हैं, जिसमें ग्रामीण एक साथ आकर होली को एकता के त्योहार के रूप में मनाते हैं।

### मेरी मदद करो, चलो होली खेलते हैं- वक्त (2005)

अपने बेबाक और चंचल बोलों के लिए मशहूर यह गाना पारंपरिक होली गीतों से हटकर है। इसकी धुन आकर्षक, तेज रफ़्तार वाली और जोशीले नृत्य के लिए एकदम उपयुक्त है। सुनिधि चौहान की आवाज़ इसमें एक मजेदार और चुलबुलापन जोड़ती है, जिससे यह गाना अक्सर युवाओं के होली समारोहों में बजाया जाता है। हालांकि यह परंपरा में उतना गहराई से निहित नहीं है, लेकिन इसकी आकर्षक रचना और क्लब-शैली की धुनें इसे एक ऐसा गीत बनाती हैं जो कानों में गूंजता रहता है।

### जय जय शिवशंकर-युद्ध (2019)

हाल के बॉलीवुड इतिहास के सबसे ऊर्जावान होली गीतों में से एक, 'जय जय शिवशंकर' डांस बीट्स और हिंदुस्तानी संगीत तत्वों का एक ज़बरदस्त मिश्रण है। इस गाने में बॉलीवुड के दो बेहतरीन डांसर, ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ, तालमेलपूर्ण नृत्य और चमकीले रंगों के शानदार संयोजन में नजर आते हैं। दिलचस्प बात यह है कि इसका संबंध भगवान शिव से है, क्योंकि "शिवशंकर" उस देवता को संदर्भित करता है जो विनाश और नशा (होली के दौरान भांग पीना) दोनों से जुड़े हैं। गाने की धुनें यह सुनिश्चित करती हैं कि यह किसी भी होली पार्टी में डांस फ्लोर पर धूम मचा दे।

## खबर संक्षेप

### ओडिशा में सीपीएम के समर्थन के संकेत

**राउरकेला।** ओडिशा में आगामी राज्यसभा चुनाव राजनीतिक रूप से दिलचस्प होने जा रहा है, विशेषकर महत्वपूर्ण चौथी सीट को लेकर। राउरकेला में बोलते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) सीपीएम के राज्य सचिव ने संकेत दिया कि पार्टी बीजू जनता दल बीजेडी के चौथे उम्मीदवार डॉ. दत्तेश्वर होता को समर्थन दे सकती है। बीजू जनता दल बीजेडी ने चौथी सीट के लिए डॉ. होता को उम्मीदवार बनाया है, जबकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (कांग्रेस) ने भी उनके समर्थन का निर्णय लिया है। सूत्रों के अनुसार, सीपीआई एम भी डॉ. होता का समर्थन करने की ओर झुकाव रखती है, जिससे चुनावी गणित में बड़ा बदलाव आ सकता है। वर्तमान में किसी एक दल के पास चौथी सीट स्वतंत्र रूप से जीतने के लिए पर्याप्त संख्या नहीं है।

### लैंडमाइन विस्फोट में सहायक कमांडेंट घायल

**राउरकेला।** बिसरा अंचल के सारंडा जंगल में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान आज सुबह लगभग 6 बजे एक लैंडमाइन विस्फोट हुआ। इस विस्फोट में सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के सहायक कमांडेंट गंभीर रूप से घायल हो गए। सारंडा जंगल के मारांगपोंगा जंक्शन स्थित घने वन क्षेत्र में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान के समय यह भयावह घटना घटी। बताया जा रहा है कि माओवादियों द्वारा पहले से लगाए गए विस्फोटक के सक्रिय हो जाने से कोबरा बल के सहायक कमांडेंट अजय मलिक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस विस्फोट में उनके बाएं पैर में गहरी चोट आई है। घटना के तुरंत बाद सुरक्षा बलों ने रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया। घने जंगल क्षेत्र से घायल अधिकारी को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया जारी है। उन्हें बेहतर उपचार के लिए एयरलिफ्ट कर रांची भेजने की तैयारी की जा रही है।

### राउरकेला में सरस स्वदेशी मेला का शुभारंभ

**राउरकेला।** राउरकेला के सेक्टर 13 स्थित मेला मैदान में शुक्रवार को सुंदरगढ़ जिला प्रशासन एवं ओडिशा सरकार के पंचायती राज एवं पेयजल विभाग के अंतर्गत कार्यरत ओआरएमएएस के संयुक्त तत्वावधान में सरस स्वदेशी मेला का शुभारंभ हुआ। यह मेला 9 मार्च तक चलेगा। ओडिशा विधानसभा के उपाध्यक्ष भवानी शंकर भोई ने मुख्य अतिथि के रूप में मेले का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वदेशी केवल एक आंदोलन नहीं, बल्कि सामूहिक कार्रवाई का आह्वान है। स्वदेशी उत्पादों की खरीद और उपयोग से हम सीधे तौर पर ग्रामीण कारीगरों और उद्यमियों की आजीविका को सशक्त बनाते हैं, उन्होंने कहा और नागरिकों से स्थानीय उत्पादकों का सक्रिय समर्थन करने की अपील की। वहीं अग्निशमन विभाग द्वारा फायर लाइसेंस पर गोलमोल जवाब असीस्टेंट अफ़सर फायर ऑफिस राउरकेला ने कहा हमने अनुशंसा प्रदान की है।

### लोक अधिकार यात्रा का भव्य स्वागत

**राउरकेला।** उत्कल गौरव मधुसूदन दास की जन्मस्थली सत्यभामापुर से प्रारंभ हुई लोक अधिकार यात्रा सोमवार अपराह्न राउरकेला पहुंची। यहां गांगपुर मजदूर यूनियन की ओर से यात्रा दल का जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। यात्रा का नेतृत्व कर रहे प्रख्यात पर्यावरणविद एवं ग्रीन नोबेल पुरस्कार से सम्मानित प्रफुल्ल समंतराय ने आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राज्य में चल रही अविवेकपूर्ण खनन गतिविधियों पर तीखा प्रहार किया।

### राइजिंग ट्रॉफी हरियाणा की टीम बनी चैंपियन

**राउरकेला।** अग्रणी खेल संगठन राइजिंग क्लब द्वारा आयोजित 17वीं राइजिंग ट्रॉफी 8वीं सर्वभारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। रोमांचक मुकाबलों के बीच आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
फाइनल में हरियाणा की शानदार जीत फाइनल मुकाबले में हरियाणा की टीम ने नागपुर को तीन सेटों के संघर्षपूर्ण मैच में पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया।

## मधुमक्खियों के छत्तों से बढ़ा खतरा

# तपकरा की राइस मिल में भीषण आग, तीन फायर ब्रिगेड मौके पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ कर्मचारियों और दमकल कर्मियों में दहशत का माहौल

जिले के तपकरा क्षेत्र में ओडिशा–झारखंड सीमा के पास स्थित एक राइस मिल में सोमवार शाम अचानक भीषण आग लगने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार ऊपरकछार गांव में संचालित शम्भु गुप्ता के राइस मिल में शाम करीब 4 बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं और मिल परिसर का बड़ा हिस्सा उसकी चपेट में आ गया। आग इतनी भयंकर थी कि उसे नियंत्रित करने के लिए दमकल विभाग की तीन फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया। दमकल कर्मी लगातार आग बुझाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हालात को काबू में लाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।





### मधुमक्खियों के छत्तों ने बढ़ाया खतरा, दमकल कर्मी दहशत में

मौके पर राइस मिल की छत और आसपास बड़ी संख्या में मधुमक्खियों के छत्ते होने के कारण डर और दहशत का माहौल बना हुआ है। आग बुझाने के दौरान मधुमक्खियों के हमले का खतरा बना हुआ है, जिससे दमकल कर्मियों और कर्मचारियों को काफी सतर्कता के साथ काम करना पड़ रहा है। कुछ समय के लिए मिल के कर्मचारी भी अंदर फंस गए थे, जिससे अफरा-तफरी की स्थिति बन गई।

### 100 मीटर की दूरी पर पुलिस चौकी और दूसरे राइस मिल

बताया जा रहा है कि यह राइस मिल पुलिस चौकी से लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थित है। वहीं इसके ठीक बगल में जिंदल राइस मिल भी मौजूद है, जिसके कारण आग के और फैलने का खतरा बना हुआ है। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और आसपास के लोगों को सुरक्षित दूरी पर रहने की सलाह दी गई है।

### ग्रामीणों ने की दमकल कर्मियों की सहायता

स्थानीय ग्रामीण भी मौके पर मौजूद हैं और पानी की व्यवस्था कर दमकल कर्मियों की मदद कर रहे हैं। हालांकि देर शाम तक आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका था। फिलहाल आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है और प्रशासन मामले की जांच में जुट गया है।

# 2 माह में 361 गौवंश मुक्त 75 लाख के 18 वाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ जशपुर पुलिस का बड़ा दावा तस्करी नेटवर्क की कमर तोड़ी, 20 आरोपी जेल में

जिले में गौ-तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ने निर्णायक मोड़ ले लिया है। जशपुर पुलिस ने 'ऑपरेशन शंखनाद' और 'ऑपरेशन आघात' के तहत विगत दो माह में की गई कार्रवाई का विस्तृत रिपोर्ट कार्ड जारी करते हुए दावा किया है कि अंतरराज्यीय तस्करी गिरोहों के नेटवर्क पर करारा प्रहार किया गया है। आंकड़े बताते हैं कि जनवरी 2026 से अब तक 361 गौवंश को मुक्त कराया गया, जबकि 75 लाख रुपए मूल्य के 18 वाहन जब्त किए गए हैं। इस अवधि में 20 गौ-तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार 28 फरवरी को थाना लोदाम एवं सिटी कोतवाली जशपुर की संयुक्त टीम ने मुखबिर सूचना के आधार पर सघन घेराबंदी कर कार्रवाई की। इस दौरान 19 नग गौवंश को तस्करी से बचाया गया। पुलिस ने मौके से संदीप कुमार राय उम्र 35 वर्ष अमर कुमार शाह उम्र 26 वर्ष दोनों निवासी ग्राम पोझी, भुवालपुर, जिला सारन (बिहार) को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से एक पीकअप वाहन जब्त किया गया, जिसका उपयोग गौ-तस्करी में किया जा रहा था।इसी कार्रवाई के क्रम में पोड़ी रोड पर एक स्कार्पियो क्रमांक जेएच 01 जी 6820 में ठूंसकर ले जाए जा रहे 6 गौवंश को भी मुक्त कराया गया। हालांकि वाहन चालक व अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने विशेष टीम गठित कर एंड-टू-एंड जांच शुरू कर दी है, ताकि फरार आरोपियों और पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके।

# पासीद में झेरिया यादव समाज का प्रदेश स्तरीय होली मिलन

**सरसीवा।** फाल्गुनी उमंग और सामाजिक आत्मविश्वास के संगम के बीच पासीद कोसीर की धरती पर झेरिया यादव समाज का प्रदेश स्तरीय होली मिलन समारोह ऐतिहासिक उपस्थिति के साथ संपन्न हुआ। हजारों की संख्या में समाजबंधु रंग गुलाल, ढोल नगाड़ों और पारंपरिक उल्लास के साथ एकत्र हुए। यह आयोजन केवल होली का उत्सव नहीं रहा, बल्कि सामाजिक संगठन, सांस्कृतिक अस्मिता और सामूहिक संकल्प का सशक्त प्रदर्शन बनकर उभरा। लोकगीतों और पारंपरिक वाद्यों की थाप के बीच समाज की एकजुटता का दृश्य अपने आप में संदेशवाहक था।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बेदराम जांगड़े ने कहा कि होली का यह मिलन झेरिया यादव समाज की अटूट एकता का प्रमाण है। उन्होंने समाज की



संगठनात्मक शक्ति की सराहना करते हुए प्रदेश के विकास में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। समारोह में भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने आयोजन को राजनीतिक सामाजिक आयाम भी प्रदान किया। समाज के जिला अध्यक्ष प्रदीप यादव ने संगठन की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए शिक्षाए सामाजिक जागरूकता और युवाओं की भागीदारी को प्राथमिकता देने की बात कही। स्थानीय जनप्रतिनिधियों में कार्तिकेश्वर यादव पार्षद सरसींवा, रेशम कुर्रे पूर्व सभापति एवं पार्षद, सुनील शर्मा भाजपा नेता, लुक्का साहू की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। उपस्थित अतिथियों ने समाज की एकता को विकास का आधार बताते हुए ऐसे आयोजनों को सामाजिक ऊर्जा का स्त्रोत बताया।

### बड़े भाई की बेरहमी से हत्या सगे भाई को उम्रकैद



**जशपुरनगर।** रक्त संबंधों की पवित्रता को कलंकित कर देने वाली एक ह्रदय विदारक घटना में जशपुर जिले की कुनकुरी सत्र न्यायालय ने एक व्यक्ति को अपने ही बड़े भाई की निर्मम हत्या के अपराध में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पारिवारिक विवाद की आग में भड़की हिंसा ने एक घर को हमेशा के लिए उजाड़ दिया। लगभग दस महीनों तक चले विचारण, वैज्ञानिक साक्ष्यों और गवाहियों के सूक्ष्म परीक्षण के बाद द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, कुनकुरी बलराम कुमार देवांगन ने आरोपी वैद व बैध कुमार को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत दोषसिद्ध ठहराते हुए आजीवन कारावास का दंड सुनाया।

# कुल गोढ़ी में विज्ञान मेला का आयोजन

**तमनार।** संकुल केंद्र गोढ़ी में विज्ञान दिवस के उपलक्ष में संकुल स्तरीय विज्ञान मेला बड़े धूमधाम से साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि नानकुंवर सिदार के कर कमलों से कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ। संकुल प्राचार्य एम बारीक ने सभी अतिथियों का स्वागत स्वागत उद्बोधन से किया। इस मेले में गोढ़ी संकुल के 6 प्राइमरी दो मिडिल एवं एक हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस विज्ञान मेला में उन सभी वैज्ञानिकों को याद किया गया जिनकी आविष्कारों के द्वारा आज मानव समाज विभिन्न सुविधाओं का उपभोग कर रहा है। छात्र एवं अभिभावक ने इस मेल में बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। यह मेला अन्य विज्ञान प्रदर्शनियों से बिल्कुल भिन्न था। मेले में अलग अलग कॉर्नर बनाए गए थे जैसे प्रकाश ध्वनि, मापन, जल, रासायनिक क्रियाओं, पृथककरण, मॉडल,




वैज्ञानिकों का परिचय, अम्ल एवं क्षार आदि कई टॉपिक से संबंधित कॉर्नर बनाए गए थे जहां पर बच्चों को प्रश्नों दिया गया जिसे बच्चों ने करके सीखा, समझा।

सभी बच्चों को अलग अलग टॉपिक पर प्रश्नों के साथ कारण जानने एवं शोध और प्रयोग के साथ निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए कहा गया। विज्ञान की विभिन्न चरणों से होते हुए सभी छात्र निष्कर्ष तक पहुंचे जो काबिले तारीफ था। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उप सरपंच ग्राम पंचायत गोढ़ी हरि गुप्ता ने बच्चों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार आज बच्चे प्रयोग कर रहे हैं उसी प्रकार बच्चे स्कूलों में भी प्रयोग करते रहे एवं करके सीखते रहे तत्पश्चात बीआरसी जेपी साहू ने भी बच्चों को उनके कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी और शिक्षकों से आग्रह किया कि वह विज्ञान को व्याख्यान विधि से न पढ़ाकर वैज्ञानिक विधि के विभिन्न चरणों से ही पढ़ाएं।

# भक्ति व उल्लास के साथ निकली द्वितीय फाल्गुन निशान यात्रा

**राउरकेला।** राउरकेला के राधेश्याम संगठन द्वारा द्वितीय फाल्गुन निशान यात्रा का आयोजन भक्ति और उत्साह के साथ किया गया। यह यात्रा छेंड कॉलोनी से प्रारंभ होकर त्रिशक्ति धाम तक धूमधाम से निकाली गई। यात्रा के दौरान पूरा मार्ग श्याम बाबा के जयकारों से गूंज उठा। निशान यात्रा में करीब 120 श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रद्धालु नाचते गाते और भजन गाते हुए पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ते रहे। बच्चों ने भी बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाई, जिससे आयोजन में विशेष आकर्षण देखने को मिला। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में सपना अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, आशा अग्रवाल, श्यामलाल अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, मनोज इशारका, आनंद केडिया, पवन मित्तल, अनिल बजाज और प्रवीण गुप्ता सहित छेंड क्षेत्र के अनेक श्रद्धालुओं का सराहनीय योगदान रहा। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में अपार श्रद्धा और उल्लास का वातावरण बना रहा। राधेश्याम संगठन ने सभी सहयोगियों और छेंड वासियों का आभार व्यक्त किया।



# एयरपोर्ट रोड पर भीषण सड़क हादसा, 20 वर्षीय युवक की मौत



**राउरकेला।** छेंड थाना क्षेत्र अंतर्गत एयरपोर्ट रोड पर रविवार देर रात हुए एक भीषण सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान लुआकेरा निवासी सिद्धांत मिंज के रूप में हुई है। यह दुर्घटना एक कारए मोटरसाइकिल और स्कूटी के बीच हुई चेन टक्कर के कारण हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार तीनों वाहन तेज रफ्तार में थे और अचानक एक के बाद एक आपस में टकरा गए, जिससे जोरदार धमाका हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि सभी वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। गंभीर रूप से घायल सिद्धांत मिंज को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अन्य तीन घायलों को भी नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

# मेरी जिम्मेदारी मेरे पद की नहीं बल्कि मेरी सेवा की है: जूदेव

**जशपुरनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव के मनोनयन के पश्चात प्रथम बार कांसाबेल और महादेवदंड पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका ऐतिहासिक स्वागत किया। बाजे गाजे और आतिशबाजी के बीच युवाओं का ऐसा हुजूम उमड़ा कि समूचा क्षेत्र 'जय श्री राम',जय जूदेव और 'भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद' के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी व पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता एवं भाजयुमो के जिला महामंत्री विकास राजा सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। विजय आदित्य सिंह जूदेव ने स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए हुए कहा कि ₹आज आप सबका यह प्रेम और उत्साह देखकर मेरा सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। यह स्वागत मेरा नहीं, बल्कि जशपुर की उस युवा शक्ति का है जो अंत्योदय के संकल्प को सिद्ध करने के लिए दिन-रात मैदान में डटी रहती है। उन्होंने कहा कि संगठन ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, वह मेरे लिए पद नहीं बल्कि सेवा का एक माध्यम है।



## सरगुजा और बस्तर के विकास को प्राथमिकता: रायमुनि भगत

# विकसित भारत का आधार है राज्य सरकार का बजट: गोमती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशन में वित्त मंत्री ओपी चैधरी द्वारा प्रस्तुत किये गए बजट में गरीब,मध्यम वर्ग, महिला, युवा सभी वर्गो के हितों का ख्याल रखा गया है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विकसीत भारत के परिकल्पना को सकार करने वाला है। उक्त बातें पत्थलगांव की विधायक और सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय ने कही। वे जिला भाजपा कार्यालय राधाकांत भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रही थी। इस पत्रकारवार्ता में जशपुर की विधायक रायमुनि भगत और पार्टी के पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय भी उपस्थित।

गोमती साय ने कहा कि बस्तर और




सरगुजा को विकास की मुख्यधारा में लाना साय सरकार की प्राथमिकता है। इसकी झलक बजट में दिखाई दे रही है। उन्होनें कहा कि बजट में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरगुजा विकास प्राधिकरण का बजट 50 करोड़ से बढ़ा कर 70 कर दिया है। इस राशि से सरगुजा संभाग के अधोसंरचना के विकास में सहायता मिलेगी। उन्होनें कहा कि सरगुजा संभाग में औद्योगिक विकास के लिए 200 करोड़ से औद्योगिक पार्क की स्थापना का प्राविधान गेम चेंजर साबित होगा। इससे संभाग में विकास और रोजगार के नए अवसर मिलेगा।

### मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा से ग्रामीणों को मिली राहत

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा ने ग्रामीण अंचल के लोगों को बडी राहत दी है। खेलों के विकास के लिए जशपुर में आचरी सेंटर का उपहार दिया गया है। पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए जशपुर की विधायक रायमुनि भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर का ऐतेहासिक विकास हो रहा है। बीते लगभग ढाई साल के दौरान हुए विकास कार्य अब जमीन में दिखने लगे हैं। उन्होनें कहा कि वित्त मंत्री ओपी चैधरी द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट समावेशी बजट है। इसमें राज्य के चहुमुंखी विकास की कार्ययोजना रखी गई है। उन्होनें कहा कि युवा किसी भी देश और समाज के आधार होते हैं। इसी को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बजट में एआई और स्टार्टअप को प्राथमिकता दी गई है।

# कोइडा क्षेत्र में फिर पकड़ी गई अफीम की खेती

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिले के कोइड़ा क्षेत्र में एक बार फिर अवैध अफीम की खेती का मामला सामने आया है। केबलांग थाना क्षेत्र के नुआ तंतरा गांव में पिछले चार महीनों से चल रही अवैध अफीम की खेती को सोमवार को पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने पूरी तरह नष्ट कर दिया।



अधिकारियों के अनुसार आधा एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैली इस फसल की अनुमानित कीमत डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान कोइड़ा तहसीलदार निर्मल बिश्वाल, केबलांग थाना प्रभारी अशोक कुमार बेहरा, कोइड़ा थाना प्रभारी राजेंद्र स्वाईं तथा आबकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी हेमंत महानंदिया और पुष्पलता गोस्वामी मौजूद रहे। मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक बीते एक माह के भीतर केवल कोइड़ा क्षेत्र में तीन अलग अलग स्थानों पर अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया जा चुका है। पहले जहां बनाई अनुमंडल के घने जंगलों में गांजा की खेती सामने आती थी, वहीं अब अफीम की अवैध खेती आबकारी विभाग के लिए नई चुनौती बनती जा रही है।

## खबर संक्षेप

### प्रांजल विशेष स्कूल में मनाया गया होली उत्सव

**कोसीर।** सारंगढ़ जिला मुख्यालय के प्रांजल विशेष स्कूल में होली उत्सव मनाया गया। बच्चों ने स्वयं अपने लिए रंग बिरंगे टोपी और रंग बनाकर खुशी से एक दूसरे को रंग लगाकर खुशियां बांटे। वहीं संस्था के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती हीरा देवी निराला ने दिव्यांग बच्चों की खुशी में शामिल होकर रंग गुलाल लगाकर उन्हें उत्साहित किया पूरा परिसर में खुशी का माहौल रहा। विशेष स्कूल में बच्चों के साथ समय निकाल कर उनकी खुशी के लिए इस होली सहयोग जरूर करें।

### शिवाजी अखाड़ा में श्रद्धा संग झंडा व शस्त्र पूजन

**राउरकेला।** हिंदुओं के पावन पर्व श्री रामनवमी उत्सव एवं अखाड़ा जुलूस को लेकर शहर में तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में राउरकेला के प्रमुख अखाड़ों में शामिल लाल बिल्डिंग गलीए शिवाजी मार्ग स्थित शिवाजी अखाड़ा ने पारंपरिक रीति.रिवाजों के साथ आयोजन की शुरुआत कर दी। शनिवार रात संयोजक दीपक सोनकर के नेतृत्व में कल्याणी देवी स्कूल प्रांगण में विधि विधान से महावीर झंडा पूजन संपन्न हुआ। त्रिदेव मंदिर के पुजारी के मंत्रोच्चार के बीच जयंत राव एवं युवाओं ने पूजा अर्चना की। इसके बाद ढोल नगाड़ों के साथ स्कूल मैदान और मुख्य मार्ग पर झंडा रोपण किया गया। इस अवसर पर अखाड़ा के उस्ताद प्रकाश राय एवं एमडी शाहिद की देखरेख में शस्त्र पूजन कर अभ्यास भी किया गया। लगभग दो घंटे चले धार्मिक अनुष्ठान के दौरान पूरा वातावरण जय राम के उद्घोष से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम में सुभाष वर्मा, प्रवीण अग्रवाल, टी गणेश, तारिणी नायक, बिरेन कुमार पती, राजेश साहू डड्डू, लक्ष्मण राव, कोटी राव, शंकर राव, आशीष मोहंती, दीपु गुप्ता समेत दर्जनों वरिष्ठ व युवा सदस्य उपस्थित रहे।

### हितग्राहियों को 12 हजार क्विं चावल वितरण लंबित

**राउरकेला।** राउरकेला में प्रति माह 12 हजार 204 क्विंटल चावल की आवश्यकता होती है लेकिन अब तक केवल 200 क्विंटल ही मिल पाया है। चावल कब मिलेगा, इसका इंतज़ार करते करते लाभार्थी परेशान हैं, लेकिन किसी के पास संतोषजनक जवाब नहीं है। राउरकेला के 65,795, अंत्योदय के 2,940 और एसएसएस के 2,840 कार्ड हैं। कुल 71,575 कार्डों के अंतर्गत 2 लाख 29 हजार 812 लाभार्थी शामिल हैं। इन लाभार्थियों को सरकारी चावल व अन्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए 144 डीलरों की नियुक्ति की गई है।

### एक्टिविस्ट डॉ. राजकुमार ने की श्याम से भेंट

**राउरकेला।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आरटीआई एक्टिविस्ट डॉ. राजकुमार यादव ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस आत्मीय मुलाकात ने राजनीतिक हलकों में कई तरह की हो रही गतिविधियां व चर्चाओं को समझने का अवसर प्रदान किया ऐसा डॉ यादव ने कहा।सूत्रों के अनुसार मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई, जिसमें समसामयिक राजनीतिक मुद्दों, जनहित के विषयों तथा पारदर्शिता से जुड़े प्रश्नों पर विचार विमर्श हुआ।

### आपराधिक आंकड़ों से खुली पोल : शाखा

**रायगढ़।** प्रदेश विधानसभा सत्र में



सास सरकार के नेतृत्व में पार्टी सुशासन की सरकार का दंभ भरती नहीं थक रही वहीं बीते एक साल में जिले में जिस प्रकार की आपराधिक घटनाओं की जानकारी प्राप्त हुई है। वह सुशासन की सरकार पर बड़ा सवालिया निशान लगा रही है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शाखा यादव ने बताया कि पूरे प्रदेश में रायगढ़ जिला मारपीट गेंगवार का मामला दूसरे स्थान पर है जिसका आंकड़ा 1312 है जो बताता है कि ये सुशासन नहीं अपितु कुशासन की सरकार का परिणाम है। वहीं जिले भर में साल भर में हत्या मर्डर के 120 मामलों का होना भी सुशासन की सरकार की पोल खोल रहा है वहीं महिला उत्पीड़न के अतिरिक्त बलात्कार का आंकड़ा और भी चौंकाने वाला है वह आंकड़ा तीन दिन के बीच में एक का है इस प्रकार साल भर में 144 रेप केस अपने आप में रिकॉर्ड है जो सुशासन की सरकार और महिला सुरक्षा देने वाली भाजपा सरकार का कानून व्यवस्था देने वाली बातों को सिरे से खारिज करती है।

---

पीएम आवास योजना में तेजी लाने और लंबित प्रकरणों पर सख्ती के निर्देश

# अब कारखानों की जांच में पहुंचेगे एसडीएम हर सप्ताह देनी होगी कलेक्टर को रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने बैठक लेकर विभागीय कार्यों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों के मैदानी क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित की जाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह शासन की महत्वाकांक्षी योजना है और इसके क्रियान्वयन में गंभीरता आवश्यक है। जिन हितग्राहियों ने किश्त प्राप्त करने के बावजूद आवास निर्माण कार्य में रुचि नहीं दिखाई है, उनकी सूची संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में संचालित उद्योगों में बड़ी संख्या में श्रमिक कार्यरत हैं। ऐसे में औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी एसडीएम को समस्त औद्योगिक इकाइयों की सतत जांच एवं निगरानी करने तथा साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही नेटवर्क विहीन क्षेत्रों की सूची उपलब्ध कराने को कहा गया, ताकि वहां मोबाइल टावर स्थापना की पहल की जा सके। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड पंजीयन एवं पीवीसी कार्ड वितरण, नवीन आधार पंजीयन तथा सत्यापन की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि जिन खातों में लंबे समय से लेन.देन नहीं हुआ है या जिनकी केवाईसी अद्यतन नहीं है, उनकी पहचान कर संबंधित बैंक शाखाओं के समन्वय से शीघ्र सक्रिय कराया जाए। उन्होंने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान भू.अभिलेख अद्यतीकरण, लैंड बैंक का भौतिक सत्यापन तथा राजस्व अभिलेख दुरुस्ती की प्रगति की जानकारी और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

**पीएम श्रमयोगी मानधन योजना की समीक्षा**

भारत सरकार की प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं एनपीएस ट्रेडर्स योजना के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के पंजीयन की भी समीक्षा की गई। पात्र श्रमिकों को अंशदान के आधार पर 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 3 हजार रुपये प्रतिमाह न्यूनतम पेंशन का लाभ दिलाने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही जल संचय जनभागीदारी पोर्टल में प्रविष्टियों की स्थिति, पीएम किसान योजना अंतर्गत संदिग्ध प्रकरणों के सत्यापन कार्य, शासकीय उचित मूल्य दुकानों में अनियमितताओं पर की गई कार्रवाई तथा रेडी टू ईट निर्माण इकाइयों के उत्पादन एवं वितरण की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने जनदर्शन, पीजीएन एवं पीजी पोर्टल के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की और नियमानुसार निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निराकरण के निर्देश दिए।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी - कर्मचारी हुए सम्मानित**

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए कहा कि योजनाओं की सफलता कर्मचारियों की निष्ठा, जवाबदेही और समर्पण पर निर्भर करती है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक माह की पहली तारीख को उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित कर सकारात्मक प्रतिस्पर्धा एवं बेहतर कार्य संस्कृति को बढ़ावा दिया जाए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभिजीत बबन पठारे, सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, अपर कलेक्टर रवि राहीए संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा, श्रीमती पूजा बंसल, डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

---



## चंद्रपुर नगर में सज गई होली सामानों की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

रंगों के पावन पर्व होली को लेकर चंद्रपुर नगर का बाजार पूरी तरह सज गया है। चंद्रपुर नगर के मुख्य बाजार भारत माता चौक एबस स्टैंड एमजार मेन रोड और चौक चौराहों में एवं गली मोहल्लों में होली के सामानों की अस्थायी एवं स्थायी दुकानें सज चुकी हैं। नगर में इन दिनों सुबह से लेकर देर शाम तक खरीददारों की चहल पहल देखी जा रही है।

दुकानों में रंग बिरंगे गुलाल, हर्बल अबीर, आकर्षक पिचकारी, रंगीन गुब्बारे तथा बच्चों के लिए कार्टून थीम वाली पिचकारियों की विशेष मांग है। युवाओं में बड़े टैंक वाली पिचकारी और स्प्रे कलर का क्रेज दिखाई दे रहा है। इस बार बाजार में प्राकृतिक और फूलों से बने हर्बल रंगों की मांग अधिक बताई जा रही है। वहीं होलिका दहन को लेकर लकड़ी, उपले एवं पूजन सामग्री की बिक्री भी शुरू हो गई है। मिठाई दुकानों में गुझिया, नमकीन, पापड़ी और ठंडाई की तैयारी जोरों पर है। व्यापारी वर्ग को इस वर्ष अच्छे व्यापार की उम्मीद है।

### सरसीवां का बाजार बना उत्सव का संगम

**सरसीवां।** फाल्गुन की दस्तक के साथ ही सरसीवां नगर रंगों की चादर ओढ़ने लगा है। होली पर्व नजदीक आते ही नगर के प्रमुख बाजारों में रंग गुलाल, मिठाई और पिचकारियों की दुकानों पर चहल पहल बढ़ गई है। मुख्य बस स्टैंड, पेंड्रावन रोड और सराईपाली चौक पर सजी रंग बिरंगी दुकानों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया है। जहाँ नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से लोग परिवार और बच्चों के साथ खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। बाजार में इस बार पारंपरिक गुलाल के साथ साथ हर्बल रंग, आकर्षक डिजाइन वाली पिचकारियां, बच्चों के मनपसंद कार्टून मुखौटे और उपहार सामग्री की विशेष श्रृंखला उपलब्ध है। दुकानदारों ने भी ग्राहकों को लुभाने के लिए अपनी दुकानों को सलीके से सजाया है, जिससे सड़क मार्ग रंगों की इंद्रधनुषी छटा बिखेरता दिखाई दे रहा है।



---

## शासकीय महाविद्यालय घरघोड़ा में वार्षिक स्नेह सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**घरघोड़ा।** शासकीय महाविद्यालय घरघोड़ा में वार्षिक स्नेह सम्मेलन अत्यंत हर्षोल्लास, उत्साह एवं वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसमें क्षेत्र के गणमान्य अतिथियों, प्राध्यापकों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायगढ़ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पवन कुमार अग्रवाल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात राजकीय गान एवं राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन हुआ, जिससे संपूर्ण वातावरण देशभक्ति एवं सांस्कृतिक गौरव से ओत प्रोत हो उठा। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. पवन कुमार अग्रवाल ने सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने महाविद्यालय की आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की अपेक्षा व्यक्त की। मुख्य अतिथि सांसद राधेश्याम राठिया ने अपने संबोधन में घरघोड़ा क्षेत्र के शैक्षणिक विकास में इस महाविद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन एवं परिश्रम के माध्यम से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि आने वाले समय में महाविद्यालय के विकास हेतु हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय परिसर में बाउंड्री वॉल निर्माण एवं खेल मैदान के समतलीकरण की घोषणा कर विद्यार्थियों में उत्साह का संचार किया। साथ ही उन्होंने आयोजन मंडल एवं प्राध्यापकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कार्यक्रम की भव्यता की प्रशंसा की। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण प्रदान किया।

### ब्लाइंड मर्डर का खुलासा भतीजे ने ही की थी हत्या

**राजगांगपुर।** कुत्रा थाना कांड संख्या 42, 27 फ़रवरी धारा 103(1) बीएनएस के तहत दर्ज एक रहस्यमय हत्याकांड का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर खुलासा कर लिया। मृतका की पहचान सरोजिनी एक्का 52 पत्नी विलियम एक्का, निवासी झिरपानी, खड़ियापाड़ा, थाना कुत्रा के रूप में हुई है। मामले की शिकायत मृतका के भाई संजय मिंज, निवासी पटुआडीही, थाना लेफ्रीपाड़ा ने दर्ज कराई थी। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में कुत्रा एवं बड़गांव थाना प्रभारियों के नेतृत्व में दो विशेष टीमें गठित की गईं। जांच के दौरान पता चला कि 27 फरवरी की दोपहर सरोजिनी एक्का घर में अकेली थीं। इसी दौरान उनके भतीजे आनंद एक्का 24 पिता जोसेफ एक्का, निवासी झिरपानी, खड़ियापाड़ा ने चाकू से गला रेतकर उनकी हत्या कर दी। पुलिस जांच में सामने आया कि आनंद एक्का अपने पिता की लंबी बीमारी के लिए सरोजिनी एक्का पर जादूटोना करने का संदेह करता था।

## बिलाईगढ़ होली मिलन में विधायक ने दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश



**बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ ब्लॉक महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह 01 मार्च को स्थानीय सामुदायिक भवन, बिलाईगढ़ में अत्यंत उत्साह, उमंग और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान की।

समारोह में क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं, पदाधिकारी बहनों एवं कांग्रेस कार्यकर्ता साथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग स्वागत एवं गुलाल अर्पण के साथ हुई। पारंपरिक होली गीतों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं सामूहिक मिलन कार्यक्रम ने पूरे वातावरण को रंगमय और आनंदमय बना दिया। अपने उद्बोधन में विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, भाईचारे, एकता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने महिलाओं से संगठित होकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति समाज की आधारशिला है और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से ही क्षेत्र और राष्ट्र का समग्र विकास संभव है। ब्लॉक महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ने अपने संबोधन में सभी अतिथियों एवं उपस्थित महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन संगठन की मजबूती और महिला सशक्तिकरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं और आपसी प्रेम व सौहार्द को बनाए रखने का संकल्प लिया। यह आयोजन बिलाईगढ़ क्षेत्र में महिला एकता, संगठन की सुदृढ़ता और सामाजिक समरसता का एक प्रेरणादायक उदाहरण बना।

---

### बरमकेला के महेश बने कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष



**बरमकेला।** कांग्रेस संगठन को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिले में नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। इस नई सूची में प्रदेश अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष के निर्देश पर बरमकेला के कद्दावर नेता महेश नायक को जिला उपाध्यक्ष की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी इस नियुक्ति से बरमकेला और जिलेभर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। महेश नायक कांग्रेस संगठन के एक अनुभवी और सक्रिय नेता माने जाते हैं। वे पार्टी के आंदोलनों, जनहित के मुद्दों और संगठनात्मक गतिविधियों में हमेशा अग्रणी रहे हैं। उनकी जमीनी स्तर पर मजबूत पकड़ और जनता के प्रति उनकी सक्रियता को देखते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है।

### भौतिक मटेरियल साइंस में अजय को मिली डाक्टरेट की उपाधि

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के कसेर समाज के छात्र-छात्राओं ने इन दिनों शिक्षा के उंचाई को छूने हर वो प्रयास कर रहे हैं जिससे कि संबंधित उपलब्धि हासिल हो सके । इसके लिए उनके परिवारजनों के त्याग तपस्या विशेष योगदान है है जिसे बिल्कुल ही नकारा नहीं जा सकता। स्व. कुमार साहेब साव एवं श्रीमती कुमुदिनी साव के सबसे छोटे पुत्र अजय कुमार साव की प्रारंभिक शिक्षा आदर्श ग्राम्यभारती स्कूल में संपन्न होने के बाद ये जीजीयु बिलासपुर में उच्च शिक्षा प्राप्त किया और फीजिक्स में स्नातकोत्तर हासिल किया। इनके पिता के दिवंगत होने के इनके बडे भाई कमलेश साव सहित अन्य 4 भाई जो कि सारधारण सा आजिविका चलाते हैं इन सभी के आपसी गहरा लगाव और समर्पण पर्याप्त होने के बाद भी इनके अपनी पढाई सहित अन्य खर्चा निकालने इन्होंने कोचिंग एवं किसी कंपनी में काम करते हुए प्रो. अरिजीत चौधरी एवं प्रो. मोनिका तोमर के सानिध्य में मटेरियल साईंस में पीएचडी किया जिसमें इन्हें सफलता मिली और बीते दिनाक को दिल्ली विश्वविद्यालय के 102वे दीक्षांत समारोह में यहां के कुलपति प्रो. योगेश सिह से पीएचडी की उपाधि प्राप्त किया।

### बीजेपी युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य बने लक्ष्मीनारायण



**चंद्रपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती छत्तीसगढ़ के युवा मोर्चा की जिला कार्यसमिति एवं मंडल अध्यक्षध्महामंत्री की सूची की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन तथा भाजपा बिलासपुर संभाग प्रभारी रामू रोहरा एवं जिला प्रभारी सक्ती मनोज शर्मा साथ ही भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा एवं भाजपा सक्ती जिलाध्यक्ष टिकेश्वर सिंह गवेल की सहमति से युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आलोक पटेल द्वारा जिला कार्यसमिति एवं मंडल पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें चंद्रपुर मंडल से भाजयुमो सक्ति जिला कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मीनारायण मोंटू माली को मनोनीत किया गया किया गया।

---

## तमनार थानें में शांति समिति की बैठक



**तमनार।** तमनार थाने में 1 मार्च को शांति समिति की बैठक एसडीएम दुर्गा प्रसाद अधिकारी के अध्यक्षता में तहसीलदार श्रीमती रिचा सिंह, थाना प्रभारी प्रशांत राव जन प्रतिनिधियों, राजनीतिक पार्टी प्रमुख, सरपंच, व्यवसायी, वरिष्ठ नागरिकों सामाजिक कार्यकर्ताओ, पत्रकारों सहित शांति समिति सदस्यों की उपस्थिति में शांतिपूर्ण माहौल में होली मनाने बैठक रखी गई। शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव द्वारा आगंतुकों का स्वागत करते थाना अन्तर्गत गांव में शांति सौहार्दपूर्ण सदभावना भाईचारे के साथ होली उत्सव मनाने चर्चा परिचर्चा की गई। शराब के नशे में वाहन चलाने, तीन सवारी तेज रफ्तार वाहनों पर कार्यवाही करने बात कही गई। एसडीएम दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने कहा कि गांव में शांति सौहार्दपूर्ण भाईचारे के साथ होली मनाएं। आप सभी की सहयोग से ही होली त्यौहार निर्विघ्न सम्पन्न होगी। होलिका दहन निर्धारित स्थान में जलाने, किसी के निजी संपत्ति का नुकसान न करने, बिना स्वीकृति के किसी को रंग गुलाल लगाने आम सड़क में न जलाने की अपील की गई।



### कलेक्टर को भेंट की गई पुस्तक अंतस भीतरी

**सारंगढ़।** आज साहित्य जगत के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण रहा, जब चर्चित पुस्तक अंतस भीतरी की एक प्रति जिला कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे को भेंट स्वरूप प्रदान की गई। इस अवसर पर लेखक एवं कलेक्टर के बीच पुस्तक की विषय वस्तुए उसके सामाजिक प्रभाव तथा विशेषकर युवाओं में उसकी उपयोगिता को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। कलेक्टर ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि यह कृति युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक सिद्ध होगी। उन्होंने उल्लेख किया कि आज के दौर में ऐसी लेखनी की आवश्यकता है जो युवा पीढ़ी को सकारात्मक सोच, आत्ममंथन और सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में प्रेरित करें। विशेष रूप से उन्होंने इस बात की प्रशंसा की कि एक ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े युवा लेखक द्वारा इस स्तर की सार्थक एवं चिंतनशील रचना प्रस्तुत करना साहित्य क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

स्वामी जी 9340638884
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
भेंट द्वारिका, द्वारिकाधीश, सोमनाथ, नागेश्वर, ओम कालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रुख्मणी मंदिर, त्रयम्बकेश्वर, गोपी तालाब, सिरडी, शनि सिंगनापुर, नासिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थान
यात्रा दिनांक: 28 मार्च, 2026 / 04 अप्रैल, 2026 / 04 जून, 2026 / 14 जून, 2026 / 29 जुलाई, 2026
11 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ₹ 21,500/- ऑफर ₹ 18,500/-3AC ₹ 32,500/- ऑफर ₹ 29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866
Head Office: ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त